Need to restrict use of pesticides and promote bio-farming? Laid

श्री मनीष जायसवाल **(हज़ारीबाग) :** आज के समय में अधिक उत्पादन की होड़ में हमारे अन्नदाता?किसान?खेतों में अत्यधिक मात्रा में कीटनाशकों (पेस्टीसाइड्स) का प्रयोग कर रहे हैं। इससे एक ओर जहां फसलों की पैदावार में वृद्धि हो रही है, वहीं दूसरी ओर इन रसायनों के अवशेष हमारे भोजन में सम्मिलित होकर आम जनजीवन के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल रहे हैं। कई वैज्ञानिक शोधों और रिपोर्टों में यह तथ्य सामने आया है कि इन कीटनाशकों के सेवन से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता है। अतः मैं माननीय कृषि मंत्री महोदय से यह अनुरोध करता हूं कि वे रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग को नियंत्रित करने हेतु सख्त नीति बनाएँ तथा जैविक खेती को प्रोत्साहन देने हेतु उचित एवं प्रभावी कदम उठाएँ। इससे न केवल हमारे नागरिकों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहेगा, बल्कि निर्यात और घरेलू बाज़ार में जैविक उत्पादों की मांग से किसानों की आमदनी में भी वृद्धि होगी।